National Informatics Centre

# ईख मित्र

## (ईख मित्र - गन्ना किसान का डिजिटल साथी)

<u>तकनीकी सहयोग - राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, बिहार राज्य इकाई</u>

**"ईख मित्र"** मोबाइल एप्प के बारे में:

यह मोबाइल एप्प गन्ना किसानों को आवश्यकता अनुसार, सभी प्रकार की सहायता प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा, जो सीधे उनके स्मार्टफोन के माध्यम से उपलब्ध होगी।

गन्ना उत्पादक किसान ईख मित्र मोबाइल एप्प की मदद से अपनी शिकायत, गन्ना की खेती एवं उत्पादन से संबंधित अपने प्रश्न (परामर्श), अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न एवं उनके उत्तर और गन्ना उद्योग विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं इत्यादी से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गन्ना उत्पादक किसान पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों की टीम द्वारा मोबाइल एप्प में ही प्राप्त कर सकते हैं। एप्प का निर्माण गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, बिहार राज्य इकाई द्वारा किया गया है।

**"ईख मित्र"** मोबाइल एप्प में उपलब्ध विकल्प:

- परिचय - लॉग इन किये हुए गन्ना किसान का संछिप्त परिचय
- एडवाइज़री - गन्ना किसानों को समय पर और प्रासंगिक जानकारी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराना
- परामर्श - समस्याओं के अनुसार विशेषज्ञ की सलाह
- शिकायत - शिकायत दर्ज करें और उनके निवारण की स्थिति एवं उत्तर पर नज़र रखें
- योजना - गन्ना उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तक पहुंच, जो विभाग के आधिकारिक वेब पोर्टल https://ccs.bihar.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं
- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न एवं उसके उत्तर - जिससे समस्या का त्वरित समाधान संभव हो सके

**"ईख मित्र"** मोबाइल एप्प को डाउनलोड एवं इनस्टॉल करने का तरीका:

"ईख मित्र" मोबाइल एप्लिकेशन की अधिकतम पहुंच और स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए, किसानों के लिए अपने एंड्रॉइड स्मार्टफोन पर एप्प इंस्टॉल करने के लिए निम्नलिखित तीन तरीके उपलब्ध कराए गए हैं:

- **विधि 1** - गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से: गन्ना किसान इस लिंक के माध्यम से सीधे "ईख मित्र" एप्प इंस्टॉल कर सकते हैं: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.bihnic.eekhmitra




- **विधि 2** - QR कोड के माध्यम से: गन्ना किसान इस QR कोड को स्कैन करके "ईख मित्र" एप्प इंस्टॉल कर सकते हैं. QR कोड विभाग के वेबसाइट https://ccs.bihar.gov.in/ पर उपलब्ध है:

Scan to download the App


- **विधि 3** - Cane Care पोर्टल के माध्यम से: गन्ना किसान विभाग के आधिकारिक पोर्टल https://ccs.bihar.gov.in/ से "ईख मित्र" एप्प डाउनलोड करके उसे इंस्टॉल कर सकते हैं। डाउनलोड करने का लिंक पोर्टल के होम पेज पर उपलब्ध है।

**"ईख मित्र"** मोबाइल एप्प में लॉगिन एवं इस्तेमाल करने का तरीका:


इस मोबाइल एप्प में किसानो का मोबाइल नंबर पूर्व से संगृहीत है. जो किसान निबंधित नहीं है वह इस मोबाइल एप्प का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं| निबंधित किसानों की सूची विभाग द्वारा NIC को उपलब्ध कराई गई है.

किसान को अपने मोबाइल नंबर से एप्प में लॉगिन करना है. जैसे ही वह अपने मोबाइल नंबर दर्ज करेंगे और "OTP भेजें" बटन पर क्लिक करेंगे उनके मोबाइल पर एक OTP आयेगा. इस OTP से किसान को लॉगिन करना है.

**<u>लॉगिन चरण</u>**




<u>लॉगिन के बाद की होम स्क्रीन</u>




**परिचय:**

(मेरी प्रोफ़ाइल )- यहाँ किसान अपना संछिप्त विवरण प्राप्त कर सकते हैं. जैसे की अपना नाम, पिता का नाम, उनका मोबाइल नंबर, वह किस चीनी मिल से संबध हैं इसकी जानकारी, उनका पता इत्यादि.





**परामर्श:**


यहाँ से किसान गन्ना की खेती और उत्पादन से संबंधित अपने प्रश्नों एवं समस्याओं के उत्तर विशेषज्ञों की टीम से प्राप्त कर सकते हैं. सबसे पहले किसान को परामर्श की श्रेणी का चयन करना है, जहाँ वह समस्या का सामना कर रहे हैं. जैसे की - खेत की तैयारी, बीज का चुनाव, अंतर फ़सल, यंत्रीकरण, रोग प्रबंधन , उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन इत्यादि. इसके बाद किसान अपनी समस्या दिए गए टेक्स्ट बॉक्स में लिखें. समस्या से संबंधित फोटो एवं विडियो डालने का भी प्रावधान है. इसके बाद "सेव करें" बटन को क्लिक करके अपनी समस्या को पंजीकृत करें. पंजीकरण के पश्चात् किसान को एक परामर्श ID प्राप्त होगा. इस परामर्श ID का उपयोग करके ही अनुसंधान केन्द्रों के विशेषज्ञ समस्या का समाधान किसान को देंगे. किसान इस परामर्श ID पर दर्ज समस्या का समाधान इसी मोबाइल एप्प में देख सकते हैं.



# परामर्श लेने के चरण









**शिकायत:**


यहाँ से किसान शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और उनके निवारण की स्थिति पर नज़र रख सकते हैं. सबसे पहले किसान को शिकायत की श्रेणी का चयन करना है. जैसे की - चल रही योजनाओं से संबंधित, उर्वरक की उपलब्धता से संबंधित, बिजली से संबंधित, भुगतान से संबंधित, बीज की उपलब्धता से संबंधित, गन्ना विभाग के किसी कार्यालय से संबंधित इत्यादि. इसके बाद किसान अपनी शिकायत दिए गए टेक्स्ट बॉक्स में लिखें. शिकायत से संबंधित फोटो, विडियो एवं दस्तावेज़ (PDF) में डालने का भी प्रावधान है. इसके बाद "सेव करें" बटन को क्लिक करके अपनी शिकायत को पंजीकृत करें. पंजीकरण के पश्चात् क़िसान को एक शिकायत ID प्राप्त होगी. इस शिकायत ID का उपयोग करके ही संबंधित कार्यालय / विभाग शिकायत का जवाब किसान को देंगे. किसान इस शिकायत ID पर दर्ज शिकायत का जवाब इसी मोबाइल एप्प में देख सकते हैं.



# शिकायत दर्ज के चरण




**योजना:**

गन्ना उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएँ जैसे की - मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना, यंत्रीकरण-SuMech, गुड़ इकाई योजना, गुड़ इकाई अधिष्ठापन हेतु लाइसेंस इत्यादि विभाग के आधिकारिक वेब पोर्टल https://ccs.bihar.gov.in/ पर उपलब्ध हैं, गन्ना उत्पादक किसान इन सभी योजनाओं की जानकारी "ईख मित्र" के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं.



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ):

यह खंड पूर्व में पूछे गए प्रश्नों का संकलन है| विभाग द्वारा समय समय पर इस सेक्शन को अपडेट किया जाता है. उद्देश्य यह है की समस्या का त्वरित समाधान संभव हो सके. गन्ने की खेती से जुड़ी आम चिंताओं और मुद्दों पर भी विस्तृत (FAQ) अनुभाग उपलब्ध है.



**Admin लॉगिन एवं एडमिन लॉगिन का कार्य:**

Admin लॉगिन विभाग के आधिकारिक पोर्टल https://ccs.bihar.gov.in/ पर उपलब्ध है. गन्ना उद्योग विभाग द्वारा "ईख मित्र" मोबाइल एप्प के लिया मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है. नोडल अधिकारी एप्प द्वारा प्राप्त सभी समस्याओं (परामर्श) एवं शिकायतों को पोर्टल पर प्राप्त करेंगे. प्राप्त समस्याओं (परामर्श) एवं शिकायतों को संबंधित कार्यालय / अनुसंधान केन्द्रों / विभागों में अग्रसारित करेंगे तथा उनके उत्तर एवं निवारण की स्थिति पर नज़र रखेंगे.

# धन्यवाद्